

डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार



दैनिक

पटना, 25 मार्च, शनिवार, 2023


# वो ना कभी झुका हैं और ना कभी झुकेगा : लालजी देसाई



## किसी भी कीमत पर नही दबेगी भारत की आवाज, सदस्यता रद्द करने का षड्यंत्र पड़ेगा भारीः डॉ. संजय यादव

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

देश में लोकतंत्र बचाने के लिये लगातार सड़क से संसद तक लड़ रहे राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता मोदी सरकार द्वारा षड्यंत्रपुर्वक समाप्त कर दी गई है। देश का ध्यान अडानी महाघोटाले से हटाने तथा भारत की आवाज को दबाने का यह कुत्सित प्रयास मोदी सरकार पर ही भारी पड़ने वाला है। राहुल गांधी इस देश के आम जनों के लिये उठने वालो वो बेखौफ आवाज है जिसे सत्ता दबा नही पायेगी। सरकार इस आवाज को चुप कराने के लिये हर एजेंसी, हर संस्था, चरण चूमने वाली मीडिया संभावित माध्यमों से हर सम्भव प्रयास कर रही है। चोर को चोर बोलने पर राहुल गांधी को यह सभा मोदी सरकार के 'मित्र काल' मे दी गई है। क्योंकि 'मित्र काल' मे चल रही देश की संगठित और बेशर्म लूट के खिलाफ राहुल गांधी हर मंच से आवाज उठा रहे थे। बेनकाब होने की बौखलाहट अपने मित्रों को बचाने के लिये मोदी सरकार ने लोकतंत्र का मखौल उड़ाया है। बैंक और जनता के पैसे को लेकर विदेश भागने वालों को दुनिया मे आजाद घूमने की छूट मिल रही है, पर सच को सच कहने की सजा राहुल गांधी को चुकानी पड़ रही है। लेकिन यह तानाशाही सरकार शायद यह भूल गई है कि जिसे डरा कर चुप करा रही है, उसका नाम राहुल गांधी है और गांधी डरते नही हैं। आज के 45 साल पहले ठीक इसी तरह के अलोकतांत्रिक फ़ैसले में इंदिरा गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की गई थी, पर देश की जनता ने इंदिरा का साथ दिया था और इंदिरा गांधी ने जोरदार वापसी कर सरकार बनायी थी। वही ऐतिहासिक गलती अब फिर से मोदी सरकार ने दोहरायी है, देश की जनता राहुल गांधी के साथ हो रहे अन्याय को देख रही है और इसका खामियाजा भाजपा को आगे आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। भारत जोड़ो यात्रा को मिले अपार समर्थन और राहुल गांधी द्वारा मोदी सरकार को लगातार बेनक़ाब किये जाने से घबराये भाजपा सरकार का यह लोकतंत्र विरोधी तानाशाही फैसला लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग लगा गया है। सच को सच कहने की कीमत राहुल गांधी को चुकानी पड़ी है, पर हर युग मे जीत अंततः सत्य की हुयी है। सत्यमेव जयते।

संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278




**पटना । कांग्रेस दर्पण**

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालजी भाई देसाई ने कल हुए राहुल जी के घटनाक्रम को लेकर अपने सेवादल के साथियों के साथ विरोध दर्ज करवाया और गिरफ्तारियां दी आज 24 अकबर रोड पर कल के राहुल जी के खिलाफ जो फैसला हुआ वह तानाशाह के डर को दर्शाता है यह एक गंदी मानसिकता का परिचय है कि एक शख्स जो देश की जनता की आवाज संसद में उठाना चाहता है अडानी के मुद्दे पर अपना पक्ष रखना चाहता है उस पक्ष को बिना सुने संसद ठप कर दिया जाता है और 2 साल पुराने मामले को लेकर कानून को दरकिनार कर राहुल जी को सजा सुनाई जाती है और साथ ही आनन–फानन में उनकी सदस्यता यता भी रद्द कर दी जाती है आजाद भारत के इतिहास में यह पहला मामला है जहां एक चुने हुए सांसद को लोक सभा में बोलने नहीं दिया जाता और मनमानी की जाती है पूरा कांग्रेस परिवार राहुल जी के साथ खड़ा है और रही बात राहुल गांधी की तो राहुल गांधी एक शेर हैतानाशाह तुम लाख दबाव बना लो

वो ना कभी डरा हैं और ना कभी डरेगा!!



# जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर के पीएम नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया

पटना।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडाणी के द्वारा महाघोटाला के खिलाफ जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व मे एक विरोध मार्च निकाला गया।विरोध मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए टावर चौराहा पर पहुँची, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पैदल मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए श्री मुकुल ने कहा की आज देश मे लोकतंत्र खतरे में है, संविधान को खतम करने की साजिश की जा रही है। विपक्ष की आवाज को दबाई जा रही है, अडाणी के खिलाफ आवाज उठाने वाले हमारे माननीय नेता राहुल गाँधी को तंग व तबाह किया जा रहा है ' केन्द्र सरकार एवं भाजपा के द्वारा उनकी छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी लगातार संसद में यह मांग करती आ रही है, की स्टेट बैंक आफ इडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा 50,000 करोड़ रूपया अडाणी समुह को दिया गया ,साथ ही राहुल गाँधी जी ने संसद में अपने संबोधन मे सरकार से सवाल पुछा था की प्रधान मंत्री और अडाणी में क्या रिश्ता है जो सरकार को देश की जनता को बतानी



चाहिए, अडाणी को ही आस्ट्रेलिया, श्री लंका, बांगलादेश सहित कई देशों में उधोग लगाने एवं भारतीय रक्षा विभाग मे उन्हे कैसे काम दिया गया, इन्ही सब मांगो की जांच के लिए जे पी सी की माँग की जा रही है, लेकिन केन्द्र की निक्कमी भाजपा सरकार जे पी सी की जांच से भाग रही है ,देश की जनता यह जानना चाहती है, की मोदी जी इससे क्यो डर रहे हैं, और देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष पर अपने चहेते एजेंसियों के माध्यम से उन्हे परेशान किया जा रहा है' लेकिन हम कांग्रेस पार्टी के लोग अडाणी के मुद्दे पर जब तक जे पी सी गठन नही होगी, जब तक निष्पक्ष जांच नही होगी और जब तक अडाणी को गिरफ्तार नही किया जाता है तब तक हम संसद से लेकर सडक तक आन्दोलन करते रहेंगे ' पैदलमार्च में शामिल जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरज दास, कृपा शाही, महेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, मनौवर आजम, केदार सिह पटेल, ,कौशल किशोर चौधरी, कुनाल सहाय, खुर्शीद आलम, आनन्द कौशल, सविता श्रीवास्तव, सुशिल कूमार शाही, तिर्भुवन पटेल, शबिवुल हसन उर्फ लालबाबु, कुणाल रंजन, अजित कुमार सिन्हा, कृष्ण मुरारी सिहं, मोजक्किर रहमान, बिक्की कुमार चौधरी,, वीरेंद्र यादव, मोहन कुमार, आनन्द कुमार मोहित, राधे कृष्ण सिह, वीरेंद्र कुमार पंडित, डा शम्भू राम, अमर नाथ गुप्ता, आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी नेता गण उपस्थित थे '

## सूचना

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देशानुसार सभी प्रखण्ड अध्यक्ष और सभी डेलीगेट एवं सभी कांग्रेस कमेटी के सदस्य गन आना अनिवार्य है होसके तो ओनलाइन पर वीडियो कॉल होगी को सूचित करना है कि दिनांक 25 –03–2023को–02 बजे दिन में जिला कार्यालय पासवान चौक पर एक बैठक आयोजित किया गया है जिसमें हाथ से हाथ जोरों के सफलता के लिए विचार किया जाएगा। जिसमें जिला प्रभारी पुनम पासवान पूर्व विधायिका उपस्थित रहेंगी। उपस्थिति अनिवार्य है

**महेश प्रसाद राय, अध्यक्ष**


## प्रजातंत्र चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन का कार्यक्रम है



प्रजातंत्र चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन का कार्यक्रम है अतः नवादा जिले के कांग्रेस के सभी पदाधिकारी गण नवादा नगर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष नवादा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अकबरपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गन सभी डेलीगेट सभी विधानसभा प्रभारी विधायक पूर्व विधायक एवं विधानसभा प्रत्याशी प्रत्याशी एवं नवादा नगर के सभी कांग्रेसी जन से आग्रह है कि कल प्रजातंत्र चौक पर पुतला दहन कार्यक्रम में भाग लेने का कष्ट करेंगे

-सतीश कुमार उर्फ मनटन सिंह अध्यक्ष नवादा जिला कांग्रेस कमेटी

## नवीन कुमार सिंह को नियुक्त पत्र दिया गया



पटना।कांग्रेस दर्पण

अखिल भारतीय काँग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार ,बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी के आदेशानुसार मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुँवर ने मटिहानी प्रखंड के पूर्वी मंडल अध्यक्ष बलहपुर एक पंचायत निवासी नवीन कुमार सिंह को नियुक्त किया। वहीं,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष मटिहानी 02 पंचायत निवासी अनिल राय को। अध्यक्ष द्वय को नियुक्ति पत्र, अखिल भारतीय काँग्रेस कमिटी के सदस्य अभय कुमार सिंह सारजन, मटिहानी विधानसभा प्रभारी रामविलास सिंह, हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के प्रभारी सुबोद कुमार, बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी के सदस्य केडी हिमांशु, नारायण सिंह, नगर काँग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, वरिष्ठ नेता मुरलीधर मुरारी, अल्पसंख्यक नेता मो.मतीन, युबा काँग्रेस के उपाध्यक्ष विक्रम कुमार, काँग्रेस नेता रामपुकार राय, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह, नेता दीपक कुमार रिमझिम, राजनीति सिंह, राजीव कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, नवदेव राय, रामशकल राय, पैक्स अध्यक्ष राममिलन राय राहुल कुमार, सुभाष सिंह, शाखाध्यक्ष रामकिशोर सिंह, रिशु कुमार, नारायण पंडित, प्रमुख काँग्रेसी रामलगन सिंह, नेपो सिंह, गणेश झा, मुकेश डॉक्टर, गोंगु जी, की उपस्तिथि में एक समारोह में दिया गया। समारोह के अंत में दिनांक 02/04/2023 को मटिहानी एक पंचायत के खरीदी–चाक पुनर्वास होते हुए थाना चौक तक हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम को पूरी तन्मयता के साथ करने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी पूर्व युबा प्रखंड अध्यक्ष रणजीत कुमार मुखिया जी ने दी।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक 25 मार्च को

**बांसवाड़ा (राज.)।** 25 मार्च 2023 शनिवार को प्रातः 11 बजे हाथ से हाथ जोड़ो के समापन कार्यक्रम की आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें राजस्थान के मंत्री एवं बांसवाड़ा के प्रभारी ढउउ के हाथ से हाथ जोड़ो प्रभारी श्री सुशील जी पारिख को अब तक सभी ब्लॉकों में हुये 26 जनवरी से 24 मार्च तक हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की पूरी रिपोर्ट समस्त ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा दी जाएगी एवं सभा को संबोधित करेंगे। उक्त कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री श्री महेंद्रजीत सिंह जी मालविया , राज्य मंत्री श्री अर्जुनसिंह जी बामनिया, विधायक श्रीमति रमीला जी खड़िया, जिला प्रमुख श्रीमती रेशम जी मालविया, सभापति जेनेंद्र जी त्रिवेदी, पूर्व विधायक एवं प्रधान गढ़ी श्रीमती कांता जी भील, पूर्व संसदीय सचिव श्री नानालाल जी निनामा के साथ समस्त जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारिगण, समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण, समस्त हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के ब्लॉक संयोजक, समस्त कांग्रेसी प्रधानगण सहित वरिष्ठ कांग्रेसी, कांग्रेस के प्रत्येक अग्रिम संगठन के एवं विभाग के पदाधिकारीगण, समस्त वरिष्ठ व युवा कांग्रेसजन, वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधिगण के साथ तमाम कांग्रेसी विचारधारा के कार्यकर्तागण को सूचित किया जाता है कि समय पर उपस्थित रह कर कार्यक्रम को सफल बनावे।

निवेदक

चांदमल जैन, निवर्तमान जिलाध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी

# जनहित के मुद्दें पर उठने वाली आवाज को दबाने की साजिश है राहुल गांधी पर की गई कार्रवाई: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह

**राहुल गांधी के साथ सड़कों पर संघर्ष करेंगे कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताः डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**

**लोकतंत्र का गला घोंटने पर उतारु है मोदी सरकारः प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह**

पटना । कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के संसद सदस्यता रद्द करने पर भड़के बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि आम जनता की आवाज को दबाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की गला घोंटने के लिए केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर और अडानी को बचाने में किया गया यह कायराना कृत्य है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि देश के आम लोगों की बैंकों में जमा गाढ़ी कमाई को अपने मित्र पूंजीपति अडानी को सौंपने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसलों के खिलाफ संयुक्त संसदीय समिति की मांग को लेकर भड़के अहंकारी प्रधानमंत्री के इशारे पर इस प्रकार की नीच कार्रवाई हमारे नेता पर की गई है। हम जेपीसी की मांग पर अड़े रहेंगे और अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में सड़कों पर उतरेंगे। संघर्ष से कांग्रेस पार्टी कभी पीछे नहीं हटी है। मोदी सरकार की तानाशाही रवैय्ये के खिलाफ हम सभी कांग्रेसजन आवाज बुलंद रखेंगे और देश में अराजकता के माहौल के खिलाफ आम आदमी के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि गुजरात के सत्र न्यायालय से आये फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील किये जाने से पूर्व ही इस तरह की कार्रवाई यह बताने को काफी है कि



राहुल गांधी के नेतृत्व से किस कदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा घबड़ाई हुई है। तानाशाही से लोकतंत्र को नियंत्रित करने की मोदी सरकार की नीति ने देश को गर्त में धकेलने का काम किया है और यह द्वेषपूर्ण कार्रवाई आम भारतीय के अधिकारों की हकमारी है। राहुल गांधी हमेशा जनहित में और जनभावनाओं की कद्र करते हुए आम जनता की मुखर आवाज बने हुए हैं और मोदी सरकार की अव्यवहारिक और अपरिपक्व फैसलों से देश को सचेत करते रहे हैं जिससे अपने इकबाल पर जनता के बीच बढ़ते आक्रोश से घबड़ाई सरकार ने उनके ऊपर व्यक्तिगत हमले करने शुरू कर दिए हैं और उसी के कड़ी में यह कदम भी उठाया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के दमन से कांग्रेसजन नहीं घबड़ाएं और न डरे तो अंग्रेजों के लिए मुखबिरी करने वालों के खिलाफ भी अंतिम दम तक लड़ेंगे और जीतेंगे।

**राजेश राठौड़**
**चेयरमैन, मीडिया विभाग**
**बिहार कांग्रेस**

# हमारा नेता हमारा अभिमान भारत मां की है शान



भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को तितर–बितर करने वाले ओछी मानसिकता वाले लोग आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है ' ऐसे लोग जब सर्वोच्च पद पर आसीन होंगे तो लोकतंत्र पर विचार और मूल्यों की हत्या होती रहेगी ' हमारे नेता राहुल गांधी जी ने जिस बेबाकी से देश में फल फूल रहे बड़े–बड़े भ्रष्टाचारी उद्योगपतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की देश के लिए और देश के आम आवाम के लिए उसी का परिणाम है कि आज राहुल गांधी जी को संसद की सदस्यता गवानी पड़ी ' हम कांग्रेसियों को लोकतंत्र को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहना होगा ' जय राहुल गांधी जय कांग्रेस जय भारतीय लोकतंत्र '... ब्रजेश कुमार प्रिंस पूर्व पार्षद. अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमिटी नगर निगम बेगूसराय बिहार.

# रुन्नीसैदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम

पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष श्री अखिलेश प्रसाद सिंह जी के निर्देशानुसार आज रुन्नीसैदपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में देवना बुजुर्ग पंचायत के ग्राम माधोपुर सुल्तानपुर के वार्ड नंबर 18 के रहमानिया मार्केट में हाथ से हाथ जोड़ों का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह राठौर ने किया इस अवसर पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री रहमान ने कहा आज देश की जनता की आवाज राहुल गांधी उठा रहे हैं तो उनके पीछे सीबीआई आईडी लगा देते हैं लेकिन हम कांग्रेश कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है वही श्री राठौर ने कहा माननीय राहुल गांधी जी लोकतंत्र को बचाने की आवाज उठाते हैं तो भाजपा कहती है माफी मांगो हम कांग्रेसी हैं अंग्रेज से भी लड़े हैं तानाशाह मोदी से नहीं डरेंगे मैं झुकेंगे आज भारत को अडानी के हाथों गिरवी रखने की साजिश की जा रही है देश की जमीन पर चीन कब्जा किए जा रहा है और भाजपा की सरकार हाथ पर हाथ धरकर बैठी हुई है जिससे हम कांग्रेस कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और इस देश के लिए जो भी कुर्बानी देना होगा शहादत देना होगा हम देने के लिए तैयार हैं और राहुल गांधी जी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाने का जो सपना है जरूर पूरा करेंगे इस मौके पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि प्रभारी संजय बी रख जी एवं आलोक कुमार जी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हिफजुर रहमान रामबाबू पटेल जी अरुण कुमार सिंह सेवा दल मोहम्मद इसराइल सत्येंद्र सिंह सत्यवादी नरेंद्र कुमार सिंह संजय झा लक्ष्मण पासवान सहित सभी लोग मौजूद थे



कल बेगूसराय जिले के प्रमुख कांग्रेस जनो के द्वारा गांधी जी को झूठा मुकदमा में फसाने एवं संसद में कांग्रेसी नेताओं \को विपक्षी नेताओं को बोलने पर पाबंदी लगाने के विरोध में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों ने देश के निरंकुश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट के पास किया. इस पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस के सम्मानित नेताओं के साथ–साथ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे.

# हाजीपुर गांधी चौक पर पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज वैशाली युवा कांग्रेस के द्वारा हाजीपुर गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया ,लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक चंदन कुमार राय ने कहा कि देश में आज अघोषित आपातकाल हर तरफ दिखाई दे रहा हर इंस्टिट्यूशन को कमजोर किया जा रहा है एवं विपक्ष के नेताओं को आवाज दबाने के लिए भाजपा के इशारे पर राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त की गई जिसमें बहुत सारी खामिया हैं हम सभी माननीय न्यायालय का सम्मान करते हैं हम् न्यायालय पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, लेकिन आप सभी देखेंगे कि माननीय न्यायालय के द्वारा राहुल गांधी जी के मानहानि के केस में 30 दिनों का समय दिया गया था ताकि वह उच्च न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकें लेकिन भाजपा सरकार एवं नरेंद्र मोदी जी अपने अडानी मित्रों को बचाने एवं जेपीसी मांग से ध्यान भटकाने को लेकर राहुल गांधी के उपर की गई कार्रवाई एवं राहुल गांधी की आवाज को दबाने का प्रयास है राहुल गांधी जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भाजपा जितने भी सर यंत्र कर ले राहुल गांधी देश की आवाज को भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उठाते रहेंगे चाहे उनको जेल में ही डाल क्यों न दे हम सभी लोग जनता की आवाज उठाते रहेंगे, आप सभी देखेंगे कि देश में पहली बार सरकार के द्वारा सुनियोजित तरीके से संसद को चलने नहीं दिया जा रहा है राहुल गांधी जब बोलना चाह रहे हैं तो उनके आवाज को बंद किया जा रहा कि वह लोक् सभा अध्यक्ष से बोलने को समय मांगते है, पर अध्यक्ष समय नही देते है, कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणधीर कुमार ने इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार अनीश रंजन मुकेश रंजन विपिन सिंह मोहम्मद नसीम पंकज कुमार साकिंदर राय मुकेश निराला राय प्रत्यय अमृत अखिलेश कुमार सद्दाम हुसैन कुंदन मिश्रा

## आवश्यक सूचना

केंद्र सरकार द्वारा अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं सांसद श्री राहुल गांधी जी को गिरफ्तार करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है इसका कांग्रेस पार्टी द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। दिल्ली के रामलीला मैदान में 27 मार्च 2023 को विशाल रैली का आयोजन कर विरोध दर्ज किया जाएगा। उदयपुर शहर से अधिक से अधिक कार्यकर्ता बसों द्वारा दिनांक 26 मार्च 2023 को दोपहर 2:00 मोहता पार्क चेतक सर्कल से प्रस्थान करेंगे। अतः आप सभी से निवेदन है की दिनांक 25 मार्च 2023 तक अपने नाम शहर कांग्रेस कार्यालय में अवश्य रूप से दे देवें।

**गोपाल कृष्ण शर्मा, निवर्तमान अध्यक्ष डी सी सी उदयपुर शहर**

## आवश्यक सूचना

KKC ZOOM MEETING
Time: Mar 25, 2023 07:00 PM
Join Zoom Meeting
https://us02web.zoom.us/j/86556866295

असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ( ङङउ ) के राष्ट्रीय चेयरमैन, डॉ. उदित राज जी केकेसी के पूरे देश के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन ज़ूम मीटिंग को कल 25 मार्च, 2023 ( शनिवार ) को सायं 7:00 बजे संबोधित करेंगें। उक्त मीटिंग में राहुल गांधी जी की लोक सभा सदस्यता ख़त्म किए जाने, वर्तमान हालात और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

आप सभी से निवेदन है कि स्वयं तो मीटिंग से जुड़े ही, अन्य साथियों को भी मीटिंग में जुडने हेतु लिंक भेजें।

सादर,

**- सी.एल. मौर्य,निजी सचिव, डॉ. उदित राज माननीय राष्ट्रीय चेयरमैन, केकेसी**

# भगवानपुर प्रखंड के अतरूआ चौक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पुतला दहन



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

केन्द्र में बैठी तानाशाही सरकार के द्वारा अपनी विफलताओं को छुपाने को लेकर जननायक श्री राहुल गांधी जी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने पर आज बेगूसराय जिला के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड के अतरूआ चौक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। राहुल गांधी जी देश की आवाज हैं, राहुल जी हर बेरोजगार युवा, महिला, समाज के हर उस वंचित वर्ग की आवाज हैं जो इस तानाशाही सरकार के खिलाफ अब और मजबूत होगी। इस देश को और लोकतंत्र को बचाने की उनकी लड़ाई किसी भी कीमत पर जारी रहेगी। तानाशाही चरम पर है और लोकतंत्र व संविधान की निर्मम हत्या की जा चुकी है। एक व्यक्ति जो सत्य एवं अहिंसा के साथ इन ताकतों के खिलाफ लड़ रहा है उसके खिलाफ पूरी सरकार व मशीनरी खड़ी है। आज हर सच्चा भारतीय राहुल गांधी जी के साथ खड़ा है।

आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिन के लिए याद किए जाएंगे।

# दरभंगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया







**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष बाबू चुन्नु सिंह और विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रहलाद कुमार सिंहा जी के आदेशानुसार आज दरभंगा में Umair Anawar ( बिहारी बाबू ) की अधक्षता में पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया।केंद्र में बैठे मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ दरभंगा NSUI द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया मौके पर एनएसयूआई के छात्र नेता – बिहारी बाबू ने कहा अगर अडाणी पर सही जांच नहीं हुई तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन की जाएगी , वही C.M.College अध्यक्ष ठSUI Nasrullah Lnmu ने कहा आदरणीय #Rahul_Gandhi जी देश की आवाज है।पूरा देश राहुल जी के साथ है। सच और साहस से बड़ी कोई ताकत नहीं होती ! तानाशाह चाहे जितने झूठ, नफरत और साजिशों का घेरा बना ले..राहुल गांधी जी सच और साहस के साथ देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे।

तानाशाह से यही कहना है–मुझे डराओ मत मैं डरनेवालो में नहीं हुं क्यों उनका राहुल सावरकर नहीं –राहुल गांधी हैं। मौके पर वि०वि०महासचिव ओम प्रकाश पासवान, वि०वि०सचिव मो०लक्की साजिद खान, खुश नसिबा, नाज़ बानो, हामिद नूरी, तथा मो०नसरुद्दीन उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार ने राहुल गांधी के विरुद्ध षड्यंत्र की सभी हदें पार कर दीं भारतीय लोकतंत्र के लिए पीड़ा का दिन

इंजीनियर मोहिउद्दीन खान
स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी




कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी को एक दिन पहले सूरत कोर्ट ने मोदी सरनेम वाले मान हानि केस में दोषी करार दिया और एक दिन के बाद उनकी संसदीय सदस्यता खत्म कर दी गई है. मेरा मानना है कि पूरे देश में लोकतंत्र को पूरी तरह से कुचला जा रहा है. आप अपनी बात को कहीं भी किसी भी मंच पर नहीं रख पा रही है, चाहे वो देश की संसद हो या संसद के बाहर आपको अपनी बात रखनी हो. आप क्या कह रहे हैं उसका कोई मायने नहीं है. लेकिन आप देखिये कि मोदी शरनेम राहुल गांधी जी की बात को मैं एक बार दोहरा रहा हूं उन्होंने यही कहा था कि नीरव मोदी, ललित मोदी ये सब और गुजरात से ये जो लोग हैं उनको किन का संरक्षण प्राप्त है ये मोदी ही ऐसा क्यों हैं?

ये लोग देश का पैसा चाहे वो चोकसी हो या अडानी हो...तो एक बात इस पर कही गई और उस पर मान हानि का दावा सूरत के जिला अदालत में 2019 में राहुल गांधी के भाषण के बाद दर्ज किया गया था. अब 2023 आते-आते उस मामले में जिला अदालत जो है वो अवमानना का केस मानती है और राहुल गांधी को 2 साल की सजा और उनकी सदस्यता को रद्द कर दी जाती है. मुझे नहीं लगता है कि इस मामले में किसी तरह का कोई अवमानना हुआ है.आज आप देख रहे हैं कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एक के बाद एक ट्वीट कर रहे हैं और जितने भी लोग इनके शासन काल में देश के बैंकों का पैसा लेकर भागे हैं उनको बचाने के लिए आप जाति और समाज के नाम पर खेल रहे हैं कि वो ओबीसी हैं.

इसका क्या मतलब हुआ कि अब अपराधियों की उसका जाति और धर्म देखकर आप बात करेंगे या उसका क्राइम देखकर बात करेंगे. दूसरी बात ये है कि राहुल गांधी जी और कांग्रेस लगातार जेपीसी की मांग कर रही है अडानी के महाघोटाले की जांच करने के लिए. हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में एक पर एक बातें सामने आ रही है. कोर्ट ने भी उसे सही मानते हुए एक कमेटी गठित करते हुए अडानी के खातों का और लेन-देन की रिपोर्ट देने को कहा है. सरकार ने कब-कब किन देशों में अपने साथ ले जाकर इन्हें बड़े-बड़े

कॉन्ट्रैक्ट देश के नाम पर दिलवाएं हैं और आपने नियम-कानूनों में क्या बदलाव किया है? उसकी जांच सिर्फ जेपीसी ही कर सकती है. भाजपा जेपीसी की बात को नहीं मानते हुए संसद में चर्चा तक नहीं होने दे रही है. ये पहली बार है कि जब विपक्ष अपनी बात रखने के लिए खड़ा होता है जो सत्ता पक्ष के लोग हैं वो शोर-शराबा करने लगते हैं और एक मिनट के अंदर दोनों ही सदनों की कार्यवाही को स्थगित कर दिया जा रहा है चर्चा ही नहीं होने दी जा रही है. अब आप देखिये, 16 राजनीतिक दल ईडी दफ्तर तक मार्च कर रहे थे और ये सभी दल ईडी के पास अपनी शिकायत लेकर जाना चाहते थे लेकिन ये अपनी सत्ता के दम पर 16 दलों के 200 सांसदों को वहां तक नहीं पहुंचने दिया. क्या ये लोकतंत्र की हत्या नहीं है? क्या हम अपनी शिकायतों को लेकर पुलिस थानों में, सीबीआई और ईडी के दफ्तरों में नहीं जा सकते हैं और अगर नहीं जा सकते हैं तो क्यों नहीं जा सकते हैं? क्योंकि वो सत्ता में बैठे लोगों के खिलाफ शिकायते हैं तो ये क्या है हम पूछना चाहते हैं.सिर्फ यही एक कारण है. मैं इस बात से पूर तरह से सहमत हूं कि उन्हें सिर्फ सरकार के खिलाफ मुखर होकर बोलने के लिए फ्रेम किया जा रहा है. राहुल गांधी जी पूरे देश में विपक्ष की और देश के करोड़ों लोगों की आवाज बन चुके हैं

आज किसान दिल्ली की शरहद पर एक बार फिर बैठने को क्यों मजबूर है क्योंकि उसकी आय दोगुनी होनी थी जो नहीं हुई. उसका कर्ज माफ होना था जो नहीं हुआ. एमएसपी के लिए कानून आना था जो नहीं आया. आज राहुल गांधी उन्हीं की आवाज बनकर संसद के अंदर और बाहर बोल रहे हैं. देश में करोड़ों युवा बेरोजगार हैं. महंगाई बढ़ रहा है, गैस, पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं. लोगों को कोई राहत नहीं है तो राहुल गांधी जी उनकी भी आवाज बन रहे हैं. खास तौर पर भारत जोड़ो यात्रा 4000 किलोमीट 12 राज्यों से 40 दिन गुजरी तो इस सभी की आवाजों को लोकतंत्र में एक ताकत मिली, एक मंच मिला. अब भाजपा की बौखलाहट ये है कि राहुल गांधी जिनके पीछे सीबीआई, ईडी और दिल्ली पुलिस जो भेजी गई उनसे डर नहीं रहे हैं और लगातार सरकार से जनहित के मुद्दों पर घेरने का काम सदन के अंदर और बाहर कर रहे हैं. अब भाजपा की सिर्फ एक ही कोशिश है कि इनकी सदस्यता कैसे रद्द कराएं, चाहे कोर्ट के माध्यम से करवाई जाए या संसद के अंदर अवमानना के केस चलाएं जाएं और उसके लिए ये चाहते हैं कि हमलोग जेपीसी की मांग पर समझौता कर लें और अडानी पर हम कोई सवाल नहीं पूछें और इस तरह से सदस्यता शायद बच जाएगी....तो सूरत की अदालत के फैसले के बाद राहुल गांधी जी के पास यह विकल्प था कि चाहे तो वो जेल जाएं या फिर वे माफी मांग लें लेकिन राहुल गांधी जी ने सावरकर की तरह माफी नहीं मांगी बल्कि अपने कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए जिला कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चैलेंज करने का फैसला किया है. जिसमें हमें जिला अदालत ने 30 दिन का समय भी दे दिया है और अपनी जो सजा है उसे कोर्ट ने स्टे किया है...तो ये हमारा कानूनी अधिकार है और हम लड़ेंगे इसके लिए.राहुल गांधी जी आज देश की जनता के लिए एक मुखर आवाज बन चुके हैं. कोई दूसरे नेता का नाम बताइये जो कन्याकुमारी से कश्मीर तक देश को एक सूत्र में जोड़ने के लिए निकला हो और जिसके लिए लोग निकले हों और जिसने 4000 किलोमीटर की यात्र करके कश्मीर के कशमीरी पंडित हों, दलित हों, आदिवासी, किसान और युवा हों इन सभी की आवाजों को सुना और उनसे वादा किया था कि मैं दिल्ली पहुंच कर संसद में आप सभी का दर्द रखूंगा.लेकिन प्रधानमंत्री जी ने राहुल गांधी जी के भाषण का मजाक उड़ाया लेकिन वे राहुल गांधी का मजाक नहीं उड़ा रहे थे वे देश के करोड़ों किसान, बेरोजगारों, महिलाओं और युवाओं का मजाक उड़ा रहे थे. अब बात ये है कि पूरे देश और विदेश में राहुल गांधी एक ऐसी आवाज है जो भाजपा से डर नहीं रही है और लगातार अडानी, नीरव मोदी, मेहुल चोकसी के मुद्दे को उठा रहे हैं. अब आप देखिये कि नीरव मोदी को इंटरपोल ने रेड कॉर्नर किया था तो वो वापस क्यों वापस ले लिया गया. आपको तो उसे और मेहुल चोकसी को वापस लाना था लेकिन आज क्या कर रहे हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनकी जाति बता रहे हैं कि वो ओबीसी है और उनका समाज का अपमान हो रहा है.भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है. वो जिस तरह के हथकंडे अपना रही है देश और समाज को जाति, धर्म में बांटने की कोशिश है रही है, मुद्दों से भटकाया जा रहा है. हमारी ये कोशिश हे कि देश को एक रखते हुए इन मुद्दों पर नहीं देश में बेरोजगारी और विकास के मुद्दे पर चुनाव हो भाजपा इसी से बौखला गई है क्योंकि उनके पास इन सबका जवाब नहीं है.जब लोकतंत्र में आपकी सारी तरफ से उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, देश की संसद तक को कॉम्प्रोमाइज किया जाता है, आवाज नहीं सुनी जाती है, संसद नहीं चलता है तो देश के करोड़ों लोगों की उम्मीद उसके बाद सिर्फ एक सर्वोच्चा न्यायालय पर रह जाती है.



# हिटलरशाही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 24.03.2023 रोज गुरुवार को शहर के कौड़िहार चौक स्थित चौधरी चरण सिंह गोलम्बर चौराहे पर युवा कांग्रेस और प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी के नेतृत्व में हिटलरशाही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव सह नगर प्रतिनिधि रक्सौल सदस्य बिहार विधान परिषद के प्रोफेसर अखिलेश दयाल ने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहला मामला है कि सूरत के निचली अदालत ने धारा 499 और 500 मानहानि नोटिस के तहत श्री राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता खत्म की गई है देश के चौकीदार गौतम अदानी के वफादार हिटलरशाही नरेंद्र मोदी को लगने लगा है कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में हमारी कुर्सी जाने वाली है ।

पूर्व महासचिव ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार ऐसा हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर आनन –फानन में श्री राहुल गांधी की लोकप्रियता से भाजपा के 303 सांसद घबरा गये है कि आने वाले वक्त में सबके गले में भष्ट्राचार का फंदा लगेगा इसलिए विगत पांच दिनों से संसद भवन और राज्यसभा के विपक्षी सांसदों के गौतम अदानी को लेकर जेपीसी जांच की मांग की जा रही है लेकिन यह सरकार आज विपक्षी दलों के सांसदो को जेल में बंद करके विपक्ष को डराने का काम कर रही है। पूर्व महासचिव ने कहा कि 303 भारतीय जनता पार्टी के सांसदों पर अकेला श्री राहुल गांधी भारी है आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इशारे पर सूरत कोर्ट के द्वारा 2 साल की सजा 30 दिनों की मोहलत और 26 घंटे बाद राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता खत्म करती है जिससे यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी आम जनता के बारे में कम अपने उधोगपति मित्र गौतम अदानी और अंबानी की हितैषी अधिक है। पूर्व महासचिव ने कहा कि अगर श्री राहुल गांधी की सदस्यता खत्म का निर्णय वापस नहीं लिया जाता है तो रक्सौल युवा कांग्रेस और प्रखंड कांग्रेस कमिटी दिल्ली कूच करेंगी जेल भरो आंदोलन की शुरुआत करेगी। उक्त कार्यक्रम में डॉ प्रोफेसर विजय कुमार पाण्डेय, नागेन्द्र नाथ तिवारी, राकेश तिवारी, सज्जन पासवान, सुरज कुमार, मुरारी कुमार, मनोज साह, राकेश कुमार, रमण तिवारी, बिहारी कुमार, सन्नी कुमार, विकास गुप्ता, मैनुद्दीन अंसारी, सहित अनेकों युवा उपस्थित थे। देश का दुर्भाग्य है देश फिर से गुलामी की तरफ जा रहा है जिस तरह से देशों में पहले अंग्रेजों ने भारतीयों को प्रसान्न किया उनके खिलाफ जो बोलते थे उन्हें जेल में बंद करते थे ठीक उसी प्रकार से बीजेपी सरकार मनुवादी संविधान के तहत काम कर रही है अपने विरोधियों को देखना नहीं चाहती ना ही अपने खिलाफ में कोई विरोधाभास की आवाज सुनना चाहती है आज जो कांग्रेस के हमारे नेता माननीय राहुल गांधी जी का सदस्यता को खत्म किया गया इसी तरह से जब देश में विपक्ष नहीं रहेगा तो बीजेपी सरकार नरेंद्र मोदी मनमानी काम करेगी और देश को बेच कर झोला उठाकर चलता बनेगी

हमारे नेता आदरणीय राहुल गाँधी जी के साथ जो लगातार षड्यंत्र केंद्र सरकार के द्वारा किया जा रहा है उसके विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) अपने काँग्रेस परिवार के साथ कल दिनांक 25 मार्च 2023 को संध्या 4 बजे से आमरण अनशन पर गाँधी जी के प्रतिमा के सामने बैठेगी। अतः आप सभी ठरवक के साथी अपनी उपस्थिति झण्डा / पोस्टर के साथ सुनिश्चित करेंगे।

स्थान –ः दरभंगा टॉवर गाँधी जी के प्रतिमा के सामने समय –ः 4 बजे संध्या।

ध्यान रहे राहुल गाँधी जी से बड़ा हमारे लिए कोई नेता नहीं है।

आज अगर आप साथ नहीं आये तो निश्चित हम आपके साथ कभी खड़े नहीं नजर आयेंगे

**-प्रहलाद, यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट**

LNMU Darbhanga Bihar

## आवश्यक सूचना

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश के आलोक में बेगूसराय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी जी की सदस्यता रद्द करने एवं अन्यायपूर्ण व्यवहार व प्रताड़ित करने के खिलाफ विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन कल दिनांक 25मार्च 2023 को समय – 11:30 बजे दिन में श्री सुधीर कुमार उर्फ (बंटी चौधरी) जी पूर्व विधायक सिकंदरा सह बेगूसराय जिला प्रभारी की उपस्थिति में किया जाएगा।

अतः बेगूसराय जिला के वरिष्ठ नेतागण, सभी प्रदेश प्रतिनिधि गण, सभी पदाधिकारी गण, सभी प्रखंड अध्यक्ष गण, सभी वरिष्ठ कार्यकर्तागण, सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षगण से सादर अनुरोध है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य भाग लेने का कष्ट करेंगे।



कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता सदन में खत्म करने पर मधेपुरा एनएसयूआई इकाई ने जिलाध्यक्ष निशांत यादव के नेतृत्व शहर के मुख्य मार्ग को जामकर नारेबाजी किया ।




कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द किया जाना देश के लोकतत्र पर गहरा सर्जिकल स्ट्राइक है। गुरुवार को ही कथित मोदी मानहानि मामले में उन्हें दो साल की सजा सुनाई गई थी और महज एक दिन बाद आनन–फानन में उनको लोकसभा से अयोग्य घोषित किया जाना किसी सर्जिकल स्ट्राइक से कम नहीं है। यह भारत के लोकतंत्र के लिए एक काला दिन है। यह बातें शुक्रवार को कांग्रेस नेता डा. देवराज सुमन ने प्रधानमंत्री के पुतला दहन के पश्चात कही।

# लहेरियासराय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उद्योगपति गौतम अडानी का पुतला दहन



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

**दरभंगा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अहवाह्न पर ज़िला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को लहेरियासराय बलभद्रपुर अवस्थित ज़िला कांग्रेस मुख्यालय के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उद्योगपति गौतम अडानी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे ज़िलाध्यक्ष सीताराम चौधरी, ज़िला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता मो. असलम, कमलाकांत चौधरी बाबा, प्रदेश प्रतिनिधि मनोज झा आदि ने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी पर हिंडनवर्ग द्वारा लगाए गए आरोप देश के लिए बहुत ही गंभीर मामला है। इस विषय पर प्रधानमंत्री मोदीजी को संसद में जवाब देना चाहिए साथ ही ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी का गठन कर इसकी जांच करानी होगी।

# विपक्षी दलों का मुँह बंद कराने के लिए सरकारी एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल

पटना । कांग्रेस दर्पण

सूरत के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी जी को मानहानि के मामले में दोषी करार देते हुए 2 साल की सज़ा सुनाई थी और 24 मार्च को ही आननफानन में लोकसभा सचिवालय ने उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। यह मामला 13 अप्रैल,2019 का है जब श्रीमान गांधी ने कर्नाटक के कोलार में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी सरनेम वाले कुछ लोगों पर टिप्पणी की थी। कोर्ट ने उस टिप्पणी को अपमानजनक माना है।

### संसद सदस्यों को अयोग्य ठहराए जाने संबंधी प्रावधान

भारतीय संविधान के अनुच्छेद – 102 (1) में अन्य प्रावधानों के अतिरिक्त यह भी वर्णित है कि यदि संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा संसद सदस्यों को निरर्हित कर दिया जाता है तो वे अपनी सदस्यता खो देंगे। संविधान के इसी प्रावधान से शक्तियाँ प्राप्त करते हुए संसद ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम – 1951 बनाया जिसकी धारा – 8(3) यह प्रावधानित करती है कि यदि किसी संसद सदस्य को 2 साल या उससे अधिक समय के लिए सज़ा सुनाई जाती है तो वह अपनी सदस्यता गँवा देंगे।

यहाँ ध्यान देने वाली बात ये है कि यदि किसी संसद सदस्य को संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्य ठहराया जाता है तो उस पर अंतिम निर्णय राज्यसभा के सभापति और लोकसभा के अध्यक्ष लेते हैं। अन्य सभी मामलों में संसद सदस्यों की निरर्हता संबंधी मामलों पर अंतिम निर्णय चुनाव आयोग की राय से भारत के राष्ट्रपति लेते हैं,न कि राज्यसभा के सभापति और लोकसभा के अध्यक्ष। जानकार बताते हैं कि राहुल गांधी जी के मामले में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम –1951 की धारा 8(3) के तहत उन्हें निरर्हित किया गया है। अतः ऐसे



में अंतिम निर्णय राष्ट्रपति को लेना था, जबकि 24 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने आननफानन में उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी है,जो कि प्रथम दृष्टया न्यायोचित प्रतीत नहीं हो रही है।

विधि विशेषज्ञों का कहना है कि मानहानि के मामले में एकदम स्पष्टता होनी चाहिए। यदि कोई मामला किसी बड़े समुदाय से संबंधित है तो इसे मानहानि नहीं माना जा सकता। राहुल गांधी जी ने भी मोदी सरनेम के ऊपर टिप्पणी की थी,न कि किसी व्यक्ति विशेष के ऊपर। हाँ इतना ज़रूर है कि उन्होंने उदाहरणस्वरूप कुछ लोगों के नाम अवश्य लिये थे।

यह भी उल्लेखनीय है कि जिसकी मानहानि होती है वही व्यक्ति शिकायत करता है। राहुल गांधी जी के मामले में ऐसा नहीं हुआ है। राहुल गांधी ने जिन तीन लोगों के नाम लिये थे उनमें से किसी ने भी शिकायत नहीं की थी, बल्कि पूर्णेश मोदी नाम के एक अन्य व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। अतः प्रथम दृष्टया यहाँ भी नियमानुकूल कार्यवाही नहीं की गई है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सूरत कोर्ट ने सज़ा का एलान करने के साथ ही एक महीने के लिए सज़ा को निलंबित कर दिया। इस तथ्य को भी दरकिनार करते हुए लोकसभा सचिवालय ने श्रीमान गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी के मुताबिक ऐसा करना जल्दबाजी है।लोक सभा सचिवालय को थोड़ा संयम से काम लेना चाहिए था। अभी उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खुला हुआ है। वहाँ से निचली अदालत के फैसले पर रोक लगना संभव है। संसद सदस्यता रद्द होने के कारण वायनाड सीट को चुनाव आयोग रिक्त घोषित कर देगा और वहाँ पर उपचुनाव कराया जायेगा। यदि ये सब हो जाने के बाद निचली अदालत के फैसले पर ऊपरी अदालत रोक लगा देता है तो फिर क्या होगा! ऐसे में चीजें आपस में उलझ जायेंगी और परिणामस्वरूप बार–बार कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा। उपर्युक्त तथ्यों पर विचार करने के उपरांत वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली का विश्लेषण करें तो कहा जा सकता है कि यह सरकार धीरे–धीरे तानाशाही व्यवस्था की ओर अग्रसर है। इस सरकार को अपनी आलोचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। चाहे आम जनता हो या विपक्षी राजनीतिक दल, यह सरकार उनका मुँह बंद कराने के लिए तमाम सरकारी एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल कर रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि ऊपरी अदालतें भी सरकारी दबाव में काम कर रही हैं। ऐसी सरकार लोकतंत्र और संविधानवाद पर बहुत बड़ा धब्बा है। हालाँकि आज राहुल गांधी जी को पूरे देश से भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। सरकार अपने द्वारा बुने गये जाल में ही फँसती नज़र आ रही है।आज देश में सरकार के विरुद्ध माहौल बन रहे हैं और इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि देखी जा रही है। चाहे हिटलर हो या मुसोलिनी, इतिहास गवाह है कि जो जितना बड़ा तानाशाह हुआ उसका उतना ही बुरा अंत भी हुआ। किसी शायर ने क्या खूब कहा है;

ज़ुल्म और तानाशाही की हुकूमत चलने नहीं देंगे,

किसी बेगुनाह की झोपड़ी हम जलने नहीं देंगे।

कान खोलकर सुन लो सत्ता के नशे में रहने वालों,

दाल हम तुम्हारी गलने नहीं देंगे।

**– सुभाष कुमार ठाकुर**
**मुजफ्फरपुर, बिहार**

# राहुल गांधी के पास दो विकल्प थे, माफी मांगते या देश की आवाज बनते

पटना । कांग्रेस दर्पण

राहुल जी चोर को चोर क्या कह दिया, ₹साहब₹ बुरा मान गए

बिहार कांग्रेस के प्रतिनिधि व युवा नेता अनम सुलतान खान ने बयान जारी कर कहा की यह सरकार लोकतंत्र की हत्यारी है, हर संवैधानिक संस्था पर मोदी सरकार ने अवैध कब्जा कर लिया है, भारत देश पूरे विश्व में लोकतांत्रिक मूल्य के लिए उदाहरण था लेकिन इस सरकार की हरकतों ने तमाम मूल्यों को शर्मसार कर दिया है, पिछले दिनों राहुल गांधी ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ खुले मंच से ललकारा था जिसका नतीजा है की उन्हे सांसद की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा, अनम सुलतान ने केंद्र सरकार और भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए पूछा की नीरव मोदी, गौतम अडानी और ललित मोदी से बीजेपी और नरेंद्र मोदी का क्या रिश्ता है, राहुल गांधी ने तो इन भ्रष्टाचारी उद्योगपतियों के खिलाफ मोर्चा खोला था तो भाजपा को तकलीफ क्यों हुई, क्या नीरव मोदी, ललित मोदी और गौतम अडानी के घोटालों में भाजपा और नरेंद्र मोदी भागीदार हैं क्या ?

जिस तरह से राहुल गांधी को गुजरात में मुकदमा का सामना करना पड़ा और बेबुनियाद आरोप में 2 साल की सजा हुई उससे तो यही प्रतीत होता है इस देश में संवैधानिक संस्थाओं का कोई मोल ही नही रहा, चोरों को चोर कहना कहां से गलत हो गया, राहुल गांधी ने चोर को चोर कहा तो उनके सामने दो विकल्प थे, उन चोरों से काफी मांगते या देश की हित में सजा को स्वीकारते, राहुल गांधी ने माफी मांगना नहीं स्वीकार किया और देश वासी सहित तमाम विपक्षी दलों के लिए अपनी सांसद सदस्यता की कुर्बानी दे दी, महात्मा गांधी जी तब भी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी थी और आज के गांधी ने भी अंग्रेजों के गुलामों से माफी नहीं मांगी!

अंत में यही कहूंगा कि – याद कीजिए शहीद ए आजम भगत सिंह जी के पास भी दो ही विकल्प थे या तो माफी या फांसी !



# गडचिरोली जिल्हा काँग्रेस कमिटी

पटना । कांग्रेस दर्पण

हात से हात जोडो अभियान, (दिनांक 23 मार्च 202) रोजी, आरमोरी तालुक्यातील मौजा बोडदा, बोडदाचक, सूर्यनगर, देलोडा खुर्द व देलोडा बुद्रुक येते राबविण्यात आले. भाजप सरकारची हुकूमशाही शिघेला पोहोचली असून, गडचिरोली जिल्हा काँग्रेसच्या वतीने हात से हात जोडो अभियानाच्या माध्यमातून सर्वसामान्य लोकांपुढे भाजप सरकारच्या हुकूमशाही वृत्तीचा भांडाफोड करण्यात आला.

यावेळी महाराष्ट्र प्रदेश काँग्रेस कमिटी महासचिव तथा गडचिरोली जिल्हा प्रभारी डॉ. नामदेव किरसान, किसान काँग्रेस जिल्हाध्यक्ष वामनराव सावसाकडे, काँग्रेस ओबीसी सेल जिल्हाध्यक्ष भूपेश कोलते, तालुका काँग्रेस अध्यक्ष मिलिंद खोब्रागडे, श्रीकांत



भजभुजे, गुलाब गन्नाटे, माजी सभापती गेडाम साहेब, केवलराव गेडाम, रविभाऊगन्नाटे, रविभाऊ कावळे, दादाजी गन्नाटे, अरविंदजी खटाले, स्थानिक पदाधिकारी व कार्यकर्ते सहभागी झाले.

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्य भंग करना लोकतंत्र की हत्या है: राकेश राणा

पटना । कांग्रेस दर्पण

जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री शांति प्रसाद भट्ट, प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला प्रदेश सचिव सैयद अशरफ अली ,शहर कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र नौडियाल ,अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल राजखेत ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष मानसिंह रौतेला ने कहा कि आज देश में नरेन्द्र मोदी सरकार ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एंव लोकसभा सांसद राहुल गांधी जी की खिलाफ एक बड़ा षडयंत्र रचकर उनकी सदस्यता रद्द करवाकर ,देश में लोकतंत्र का खात्मा करने जैसा कृत्य किया है। आज देश में मोदी सरकार अपने खिलाफ बोलने वालो पर दमनात्मक कार्यवाही कर हिटलरशाही जैसा व्यवहार कर हिंसक रवैया को अख्तियार कर रही है। श्री राहुल गांधी जी द्वारा लगातार भारत के लोगों की आवाज बने हुए है, और देशव्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए बोल रहे है, यही तो पूछा है, कि अदाणी से आपका क्या रिश्ता है, देश में एकता, भाईचारा मजबूत रहे अखंड भारत रहे इसके लिए श्री राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ों यात्रा का सफल नेतृत्व करके देश की जनता में अपार लोकप्रियता हासिल की है,जिससे घबराकर केन्द्र की मोदी सरकार ने राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रस्त होकर लोकसभा अध्यक्ष के माध्यम से श्री राहुल गांधी जी की लोकसभा सदस्यता को रद्द करने जैसा अव्यवहारिक कार्य करके देश के इतिहास में आज के दिन को लोकतंत्र के काले दिन में दर्ज कर दिया है याद रहें न तो श्री राहुल गांधी जी और न कांग्रेस पार्टी इस अलोकतांत्रिक निर्णय से डरी है न डरेगी बल्कि पहले लडे थे गौरो से अब मजबूती से लड़ेंगे चोरों से। यही कृत्य पूर्व में हमारी पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी के साथ भी किया गया था, उनकी सदस्यता भी निलंबित की गई थीं, किंतु वे मज़बूत होकर लौटी और पुनः प्रधानमन्त्री बनी, अब यह कृत्य श्री राहुल गांधी जी के साथ किया गया, किसकी हम सब कांग्रेसजन एक स्वर में निंदा करते है, और मजबूती से अपने नेता श्री राहुल गांधी जी के साथ खड़े है। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ,वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिंह बेलवाल, अधिवक्ता जय वीर सिंह रावत, अधिवक्ता ज्योति प्रसाद भट्ट ने कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली के अनुसार राहुल गांधी के पास उच्च न्यायालय एंव सुप्रीम कोर्ट में अपील करने के लिए तीन माह का समय था। लेकिन , देश की मोदी सरकार देश के संविधान को तार– तार करके भारतीय संविधान की अवधारणा को समाप्त कर रही है। जो, कि नरेन्द्र मोदी सरकार के पतन का बड़ा कारण बनेगी। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि "आज लोकतंत्र का काला दिन है" शीघ्र ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी एंव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बड़े आन्दोलन कर जनता के बीच जाने का काम करेंगे।



पुरे देश के पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज राहुल गांधी जी के साथ है डइउ प्रदेश अध्यक्ष अनुराग चंदन मोदी जी के राज्य मे सबसे ज्यादा शोसन हुआ है डइउ समाज का क्योकि की छोटे छोटे बिजनेस यही लोग करते आऐ है प्रदेश उपाध्यक्ष रवि गोल्डन ने कहा की गलत तरीके से नोट बंदी कर इनके बिजनेस को रौंदा गया जब उससे उभरने की कोशिश किये तो जीएसटी का कानून बना कर लोगो को बर्बाद कर दिया गया भाजपा सिर्फ डइउ को बरगला कर झूठे बादे कर के वोट लेती है लोकतंत्र मे जो देश का पैसा लुटकर फरार हो गया उसके खिलाफ बोलने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी जी को सजा हो जाती यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है मोदी के सरकार मे भ्रष्टाचारी के लोन माफ कर दी जाती है देश के जनता अब कांग्रेस के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर खड़ा है

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर अपनी मंशा जता दी

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध की गई कार्रवाई मोदी सरकार की तानाशाही का परिचायक है, शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने कहा केंद्र सरकार ने कानून को ताक पर रखकर आनन–फानन में राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर अपनी मंशा जता दी है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। इससे भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है । केंद्र सरकार का यह कृत्य अलोकतांत्रिक है जनप्रतिनिधियों और जनता के मौलिक अधिकारों का हनन है कांग्रेस पार्टी स्वस्थ संसदीय राजनीति में विश्वास रखती है और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित है।



आज राहुल गांधी जी की सदस्यता खत्म करने के विरोध में पश्चिमी चंपारण के कांग्रेस के सभी बिंग जिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई के द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन और मोदी जी का पुतला दहन किया गया जिसमे पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी जी यादवेंद्र यादव जी शिव पुजारी अमित मिश्रा कुन्दन जाटव विनय यादव जी विनय साही जी ओम ठाकुर रंजीत कुमार जी जयंत केशन शमिल हुए जिला कमिटी के द्वारा कहा गया की पुरा कांग्रेस राहुल गांधी जी के साथ खड़ा है पहले लड़े थे गोरों से अब लड़े थे चोरों से आए थे गंगा के लाल बनकर अब रह गए मोदी के दलाल बनकर




पुरे देश के पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज राहुल गांधी जी के साथ है मोदी जी के राज्य मे सबसे ज्यादा शोसन हुआ है डइउ समाज का क्योकि की छोटे छोटे बिजनेस यही लोग करते आऐ है जैसे की गलत तरीके से नोट बंदी कर इनके बिजनेस को रौंदा गया जब उससे उभरने की कोशिश किये तो जीएसटी का कानून बना कर लोगो को बर्बाद कर दिया गया भाजपा सिर्फ डइउ को बरगला कर झूठे बादे कर के वोट लेती है लोकतंत्र मे जो देश का पैसा लुटकर फरार हो गया उसके खिलाफ बोलने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी जी को सजा हो जाती यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है मोदी के सरकार मे भ्रष्टाचारी के लोन माफ कर दी जाती है देश के जनता अब कांग्रेस के साथ कन्धे से कंधा मिलाकर खड़ा है

# राहुल गांधी से डरी हुई है मोदी सरकार: शम्स शाहनवाज



पटना । कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज ने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तानाशाह रवैए के कारण आज लोकतंत्र खतरे में है। राहुल गांधी जी के खिलाफ पूरी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके उनकी आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन वो देशहित में लगातार सड़क से संसद तक लोकतंत्र को बचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं और भाजपा–आरएसएस के हर षडयंत्र के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। शम्स ने कहा कि सांसदों को संसद में बोलने नहीं दिया जाता। सड़कों पर किसी को प्रदर्शन नहीं करने देंगे। यह अघोषित आपातकाल है। अपने मित्र पूंजीपति अडानी के महालूट की जेपीसी जांच कराने की बजाय सरकार के मंत्री उसे बचाने में जुटे हैं। यह भाजपा के न्यू इंडिया का म्यूट तंत्र है।



आज का दिन लोकतंत्र के लिए कला दिन है।आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसद की सदस्यता खत्म कर दिया गया।जबकि मान्यनिय न्यायाधीश का आदेश है कि अगले30दिन तक कोई कार्यवाही नही होगी।राहुल गांधी को उच्च न्यायालय जाने का मौका मिला था।लेकिन लोकसभा कार्यालय द्वारा आनन फानन में राहुल जी की सदस्यता खत्म कर दिया गया।जिसके विरुद्ध बाँका जिला कांग्रेस के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में लोकसभा के त्रिया कलाप के विरुद्ध प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया।

# मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व मे एक विरोध मार्च निकाला गया

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अडाणी के द्वारा महाघोटाला के खिलाफ जिला कांग्रेस कमिटी मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व मे एक विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च जिला कांग्रेस कार्यालय से निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए टावर चौक पर पहुँची, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया । पैदल मार्च में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए श्री मुकुल ने कहा की आज देश मे लोकतंत्र खतरें में है, संविधान को खतम करने की साजिश की जा रही है। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है, अडाणी के खिलाफ आवाज उठाने वाले हमारे माननीय नेता राहुल गाँधी को परेशान किया जा रहा है ' केन्द्र सरकार एवं भाजपा के द्वारा उनकी छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी लगातार संसद में यह मांग करती आ रही है, की स्टेट बैंक आफ इडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा 50,000 करोड़ रूपया अडाणी



समुह को दिया गया ,साथ ही राहुल गाँधी जी ने संसद में अपने संबोधन मे सरकार से सवाल पुछा था की प्रधान मंत्री और अडाणी में क्या रिश्ता है वो केंद्र सरकार को देश की जनता को बताना चाहिए, अडाणी को ही इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया, श्री लंका, बांगलादेश सहित कई देशों में उधोग लगाने एवं भारतीय रक्षा विभाग मे उन्हे कैसे काम दिया गया,इन्ही सब मांगो की जांच के लिए जे पी सी की माँग की जा रही है,लेकिन केन्द्र की निक्कमी भाजपा सरकार जे पी सी की जांच से भाग रही है ,देश की जनता यह जानना चाहती है, की मोदी जी इससे क्यो डर रहे हैं, और देश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष पर अपने चहेते एजेंसियों के माध्यम से उन्हे परेशान किया जा रहा है' लेकिन हम कांग्रेस पार्टी के लोग अडाणी के मुद्दे पर जब तक जे पी सी गठन नही होगी,जब तक निष्पक्ष जांच नही होगी और जब तक अडाणी को गिरफ्तार नही किया जाता है तब तक हम संसद से लेकर सडक तक आन्दोलन करते रहेंगे ' पैदलमार्च में शामिल जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुरज दास, कृपा शाही, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आनंद कौशल, केदार सिंह पटेल, निशारूद्दीन छोटे, महेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, मनौवर आजम, केदार सिह पटेल, ,कौशल किशोर चौधरी, कुनाल सहाय, खुर्शीद आलम, मुनव्वर आज़म, मो अलाउद्दीन, दीपलाल धनकार, मो अलाउद्दीन, अब्दुल वारिस,सविता श्रीवास्तव, सुशिल कूमार शाही,त्रिभूवन पटेल, शबिवुल हसन उर्फ लालबाबु, कुणाल रंजन, मोइनुद्दीन फैसल, अजित कुमार सिन्हा, कृष्ण मुरारी सिहं,मोजक्किर रहमान,बिक्की कुमार चौधरी, प्रिंस कुमार, मिथलेश राम, आदित्य कुमार, वीरेंद्र यादव, मोहन कुमार, आनन्द कुमार मोहित, राधे कृष्ण सिह, मुकेश यादव, अनिकेत राज, वीरेंद्र कुमार पंडित,डा शम्भू राम,अमर नाथ गुप्ता,आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी नेता गण उपस्थित थे '

# नालंदा के तत्वाधान में उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र प्रसाद सिंह जी की नेतृत्व में पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दमनकारी अलोकतांत्रिक नीतियों के विरुद्ध आज दिनांक 24 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमिटी नालंदा के तत्वाधान में उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र प्रसाद सिंह जी की नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम अस्पताल अस्पताल चौराहा के निकट किया गयो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से चलकर मोदी की नीतियों के विरुद्ध गगनचुंबी नारों के साथ मार्च करते हुए बिहारशरीफ शहर के अस्पताल चौराहा के निकट नरेंद्र मोदी जी का पुतला जलाया , जितेंद्र प्रसाद सिंह जी ने कहां की आज पूरे देश में लोकतंत्र व्यवस्था समाप्त हो चुकी है पूरे देश में अघोषित इमरजेंसी लागू है, सरकार अपनी काली करतूतों को छुपाने के लिए अनाप-शनाप एजेंडा परोस कर देश की जनता को दिग्भ्रमित कर रही है ! आज देश की पूरी व्यवस्था कागजी और गोदी मीडिया में सिमट कर रह गई है देश के विकास की बात करने वाले,हित की बात करने वाले, सभी लोगों को साथ जोड़कर चलने वाले की जुबान नरेंद्र मोदी सरकार बंद कर देना चाहती है पूरे विपक्ष को समाप्त करना चाहती है देश के इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला की



पूर्ण बहुमत की सरकार ही सदन का बहिष्कार कर रही है ताकि लोगों का ध्यान भटकाया जा सके यह सब लोकतंत्र की आवाज को दमन करने के लिए किया जा रहा है अंबानी अडानी से ध्यान हटाने के लिए किया जा रहा है `राहुल गांधी जी की सच्चाई पर पर्दा डालने के लिए क्या जा रहा है ! आज देश में एकमात्र नेता राहुल गांधी जी ही हैं जो देश की एकता और अखंडता की बात करते हैं, सभी के विकास की बात रखते हैं, देश को साथ जोड़कर चलने की बात करते हैं जब जब राहुल जी मोदी सरकार की आंखों पर लगी काली पट्टी को हटाना चाहते हैं तब तब मोदी सरकार ,सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं को परेशान करने का तरीका अपनाते हैं आज देश की सुरक्षा व्यवस्था आर्थिक व्यवस्था रोजगार की व्यवस्था किसानों के हालात धर्म जाति रोजगार सब खतरे में है ,मोदी सरकार सिर्फ कुर्सी के लिए, गद्दी के लिए सब को बर्बाद करने में कोई कोर कसर नहीं रखते 2024 की हार की झलक इन्हें अभी से झलक रही है पूरा देश आज त्रस्त है, कश्मीर की सुरक्षा से जुड़ा मामला पर आज मीडिया मौन है भाजपा नेताओं के घर में बड़े-बड़े मोटी रकम बरामद होने पर भी मीडिया मौन है सारी जांच एजेंसियां सरकार के इशारे पर काम कर रही है राहुल गांधी जी को जिस बात के लिए सजा दी गई लोकसभा की सदस्यता समाप्त की गई वह बेबुनियाद है,तानाशाही का एक फरमान है ! बिना न्यायिक प्रक्रिया का डायरेक्ट सजा होना यह भारतीय न्याय प्रक्रिया का पहला उदाहरण है ऐसे अनाप-शनाप मुद्दों पर अगर मोदी की सरकार सच में न्याय की बात करती है तो आज बीजेपी के एक एक सांसद विधायक जेल में होंगे !

मोदी सरकार की तमाम चाल को देश की जनता बखूबी देख रही है ,2024 के आम चुनाव मे उनका बुरी तरह से हार का डर अभी से सताने लगा है इसीलिए वे सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल कर विपक्ष को डराना धमकाना उनकी नीतियों में शामिल है, उनकी दिनचर्या है` पुतला दहन कार्यक्रम में प्रवक्ता मुन्ना पांडे, प्रदेश प्रतिनिधि उदय कुशवाहा, नंदू पासवान , बच्चु प्रसाद बाल्मीकि यादव, अमन राज, दिनेश कुमार, बेताब अली, सर्वेश कुमार, अनुज कुमार, जालंधर यादव, रामनंदन दयाल, किरानी पासवान, राजेश रोशन, कृष्णा दास, फव्वाद अंसारी,राकेश यादव एवं कई कांग्रेसी ।

## राहुल जी आगे बढ़ो हम आपके साथ हैं

श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता रद्द करना देश के हित में नही है, सदस्यता रद्द कर भाजपा सरकार ने कायरता पूर्ण कार्य किया है ' श्री राहुल गांधी भारत जोरों पदयात्रा कर देश में सांप्रदायिक सद्भाव बनाने महंगाई के खिलाफ बेरोजगार युवाओं की बात एवं किसान गरीब मजदूर के हालात के साथ मध्यमवर्ग परिवार के हालात पर आवाज संसद से सड़क तक बुलंद कर रहे थे ' राहुल जी किसी कार्यक्रम को लेकर आम आवाम देश के जनता के बीच बढ़ती लोकप्रियता से घबरा मोदी सरकार ने एक साजिश के तहत राहुल गांधी जी का सदस्यता रद्द करने का प्रयास किया है हमारे नेता राहुल गांधी जी निडर और साहसी प्रवृत्ति के लोकप्रिय नेता हैं श्री राहुल गांधी उस परिवार में जन्म लिए हैं जो परिवार देश के लिए हर समय कुर्बानी देते आया है राहुल जी से बदले की भावना को लेकर मोदी जी इनके माता श्रीमती सोनिया गांधी जी ए भगवान बहनोई के ऊपर भी जांच पर जांच करवाते रहे हैं आज भारत जोड़ो यात्रा से एवं सभी विपक्षी पार्टी को एकजुट होते देख भयभीत होकर केंद्र के मोदी सरकार सभी विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता को किसी ना किसी आरोप में ईडी सीबीआई के मार्फत जांच कर फंसाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु देर सही आगे जो भी होगा दुरुस्त ही होगा ' सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही सत्य पर अरे रहो झूठ का पर्दाफाश समय से हो जाएगा

हम लोग केंद्र सरकार के इस तरह के रवैया का घोर निंदा करता हूं अगर केंद्र सरकार में हिम्मत है तो विपक्ष के द्वारा जो मांग किया जा रहा है की अडानी अंबानी पर भी जांच हो तो केंद्र सरकार जांच करवाने से पीछे क्यों हटता है '



आभास कुमार झा
प्रखंड
अध्यक्ष कांग्रेस

शह
बिहार प्रदेश
कांग्रेस कमेटी

सदस्य (BPCC)

# मोदी सरकार में निर्लज्जता, तानाशाही चरम पर:कांग्रेस

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय,ईमानदार, लोकप्रिय, कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता, विश्व लोकतंत्र के इकलौता महानायक राहुल गांधी जी का लोकसभा से सदस्यता खत्म करना मोदी सरकार की निर्लज्जता, तानाशाही की प्रकाष्ठा है, जिससे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ गिरोह का असली चेहरा बेनकाब हुआ है। आज कांग्रेस , युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, कुंदन कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार, आदि ने स्थानीय चौक स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सत्यमेव जयते, सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नही, राहुल गांधी आप संघर्ष करे, हम तुम्हारे साथ है के नारो को बुलंद




करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी संपूर्ण देश में कानूनी और राजनीतिक दोनो तरह की लड़ाई लड़ेगी, हम डरने या चुप रहने वाले नहीं है। नेताओ ने कहा की प्रधानमंत्री से जुड़े अडानी महाघोटाला की जे पी सी जांच के बजाय राहुल गांधी जी को सांसद से अयोग्य करार दिया गया है। नेताओ ने आज प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से सूरत कोर्ट के माननीय जुडिशियल मजिस्ट्रेट के फैसला को पढ़ा और सुना, जिसमे न्यायालय ने राहुल गांधी को 30 दिनों का समय देकर उच्च न्यायालय में जाने का समय देने के बाद भी आनन फानन में सदस्यता रद्द की चिट्ठी जारी करना से यह प्रमाणित होता है की सरकार राहुल गांधी से काफी डरी और घबराई हुई है। नेताओ ने कहा की देश का जनमानस राहुल गांधी को देश की सच्चाई बोलने से रोकने, तथा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, जैसे जवलंत मुद्दो पर संसद से सड़क तक संघर्ष को मोदी सरकार द्वारा रोकने की नाकाम कोशिश की जा रही है , इसे बाखूबी देख और समझ रही है।

-विजय कुमार मिठू

# राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने पर आक्रोश

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

भारत के तानाशाही सरकार द्वारा कोर्ट के आड में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने पर आक्रेश बढ़ता करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ धंन्नजय शर्मा, कोषाध्यक्ष निसार अख्तर अंसारी, कामेश्वर शर्मा, प्रो मदद यादव ने कहा है कि आज भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिन माना जा सकता है क्योंकि कहा जाता है कि लोकतंत्र में बिपक्ष का रहना ही नही बल्कि मजबूत बिपक्ष होना बहुत जरूरी है जबकि भारत की मौजूदा सरकार पर भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को तितर–बितर करने वाले ओछी मानसिकता वाले लोग आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन है ' ऐसे लोग जब सर्वोच्च पद पर आसीन होंगे तो लोकतंत्र पर विचार और मूल्यों की हत्या होती रहेगी ' हमारे नेता राहुल गांधी जी ने जिस बेबाकी से देश में फल फूल रहे बड़े–बड़े भ्रष्टाचारी उद्योगपतियों के खिलाफ आवाज बुलंद किया, देश के लिए और देश के आम आवाम के लिए . उसी का परिणाम है कि आज राहुल गांधी जी को संसद की सदस्यता गवानी पड़ी ' हम कांग्रेसियों को लोकतंत्र को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहना होगा ' मोदी सरकार को यह समझ में आ गया कि यह आदमी हमारी काली कारतूतों का भंडा फोड़ देगा तब पहले उसने उनके माईक को बंद किया गया फिर लोकसभा ही बंद कर दिया गया फिर भी राहुल गांधी डरे नही तो प्लानिंग के तहत उनकी लोकसभा की सदस्यता को समाप्त कराया गया है . कि यह बंदा न रहेगा न हमारी कारतूतों को खोलेगा, भंडा न फुटे इसलिए सरकार ने उनकी सदस्यता गलत ढंग से समाप्त करने का काम किया है . राहुल गांधी का कसूर क्या है यही न कि वे ललित मोदी नीरव मोदी जैसे देश लुटेरों के खिलाफ थे, यही न कि वे अडानी, अम्बानी के हाथों देश को गिरवी रखने का बिरोध कर रहे थे . .जिसमें हमारी वर्तमान सरकार सहयोगी है . अपनी कलई खुलने के डर से सरकार ने कानून का गलत ब्याख्या करते हुए बिना मौका दिए हुए पहले से तय किए गए अनुसार राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त किया है . जबकि भाजपा के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहीत दर्जनों नेताजी ने बहुत ही गंदा, लज्जा जनक और संविधान बिरोधी बातें कही है जिसका प्रमाण आज भी सोशल मीडिया पर चलते रहता है . लेकिन उनपर कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई . मोदी सरकार में हिम्मत है तो वायनाड में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़कर देख ले . . पता चल जाएगा . राहूल गांधी के साथ आज सम्पूर्ण देशवासी खड़े हैं

**श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता रद्द करना देश के हित में नही है। सदस्यता रद्द कर भाजपा सरकार ने कायरता पूर्ण कार्य किया है। श्री राहुल गांधी भारत जोड़ो पदयात्रा कर देश में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाने, महंगाई के खिलाफ, वे रोजगार युवाओं की बात एवं किसान, गरीब मजदूर के हालात के साथ मध्यम वर्ग परिवार के हालात पर आबाज संसद से सड़क तक बुलंद कर रहे थे। श्री राहुल गांधी निडर और साहसी प्रब ?ति के लोकप्रिय नेता हैं।ये भारत देश के लिए शहीद होने वाले एक नहीं दो शहीद परिवार का उत्तराधिकारी हैं। उनके साथ पुरी कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता और बिपक्ष दल के सारे नेता पहाड़ के जैसा खड़ा है। ऐसा क़दम उठाकर भाजपा सरकार लोकतंत्र का गला घोंटा हैं।**

**चंद्रिका प्रसाद यादव, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी गया।**

# बछवाड़ा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के बछवाड़ा, मंसूरचक तथा भगवानपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में महेशपुर पंचायत के अतरूआ मैदान में आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के माननीय अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी सह पूर्व विधायक बंटी चौधरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह उर्फ सार्जन सिंह थे।




हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गरीब दास ने कहा कि केंद्र सरकार सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं विफलताओं के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के इस महत्वपूर्ण अभियान के साथ जुड़ रहे हैं जिससे स्पष्ट है कि देश की जनता बीजेपी के तानाशाही सरकार से तंग आ चुकी है एवं सत्ता परिवर्तन चाहती है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह अभियान एवं राहुल गांधी जी के संदेश को लेकर बछवाड़ा विधानसभा के खेत, खलिहान के साथ ही हर घर तक मैं स्वयं पहुंचकर लोगों से मिलकर संवाद कर आशीर्वाद लेने जाएंगे।आज राहुल गांधी जी की सांसद की सदस्यता खत्म करने पर केन्द्र सरकार पर तीखे हमले बोलते हुए कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लागू हो गया है तथा लोकतंत्र को खत्म करने एवं अपने विफलताओं को छुपाने के उद्देश्य से विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए उनकी सांसद की सदस्यता खत्म की गई है जो कि लोकतंत्र के लिए काला दिन के लिए याद किए जाएंगे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक बंटी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की इस जनहित में आयोजित इस अभियान को गरीब दास जी के नेतृत्व में बछवाड़ा विधानसभा के हर गली,मुहल्ले एवं घर तक जाकर अपने नेता राहुल गांधी एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संदेश वाला पंपलेट दिया जाएगा।इस ऐतिहासिक अभियान से आम लोगों में कांग्रेस के प्रति नया उत्साह बढ़ता जा रहा है।

सभा को पूर्व जिला अध्यक्ष अभय कुमार सिंह उर्फ सार्जन सिंह, वरिष्ठ नेता राम विलास सिंह, शशिशेखर राय, झारखंड युवा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विवेक चौबे, बेगूसराय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल कुमार,ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष राम स्वार्थ साह, पूर्व प्रमुख लाल बाबू पासवान, कांग्रेस नेता रामनारायण सिंह, पूर्व मुखिया सीताराम यादव, प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर महतो,संजय चौधरी,सुरेश राय,जय प्रकाश सिंह, इन्द्रदेव राय, नंदलाल राय, पूर्व मुखिया रविन्द्र महतो आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में राम प्रकाश साह, उमेश दास, शंकर शर्मा, रंधीर यादव, ऋषिकेश कुमार, चंदन यादव, कृष्ण प्रकाश भगवान दास, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार,मो० युनीश, शिव नारायण साह, जगदीश राय उर्फ मुन्ना यादव,राम कल्याणी महतो सहित सैकड़ों लोगों मौजूद थे। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष यशवंत चौधरी तथा सफल संचालन पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय ने किया।

# राहुल गांधी से डर गई है मोदी सरकार : हेमंत कुमार

**24 मार्च। लोकसभा सचिवालय द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व संगठन सचिव हेमंत कुमार ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद भारतीय जनमानस में नायक के रूप में उभर रहे राहुल गांधी से मोदी सरकार डर गई है। भाजपा के इशारे पर लोकसभा सचिवालय द्वारा उठाया गया यह कदम घोर अलोकतांत्रिक व तानाशाही की पराकाष्ठा है। बीजेपी जिस हिटलरवादी तरीके से विपक्षी नेताओं को बदनाम, अपमानित और प्रताड़ति कर रही है उसका ज़ोरदार प्रतिकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सत्य को परेशान तो किया जा सकता है, किंतु उसे पराजित नही किया जा सकता है।**



# बखरी बाजार में पुतला दहन

पटना।कांग्रेस दर्पण



देश में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पतन का जो सिलसिला पिछले 9 सालों से चल रहा है आज उसपर अंतिम प्रहार मोदी सरकार ने कर दिया है पर जबतक कांग्रेस के हर एक कार्यकर्ता की अंतिम सांस है तब तक लोकतंत्र की नींव को खोदने के इस सरकार के हर प्रयास को नाकाम करने के लिये हम लड़ते रहेंगे। ये बातें आज कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने के सदन और सरकार के फैसले के विरोध में बखरी प्रखंड अम्बेडकर चौक पर पुतला दहन के दौरान कही बखरी प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कंचन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह ने आगे कहा कि एक सुनियोजित तरीके से पहले एक मामूली से ब्यान पर कोर्ट में केस दायर किया गया, फिर जज बदला गया और जब लगा कि राहुल गांधी झूकने बालों में से नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ डटकर लड़ने बाले योद्धा में से एक है तो दवाब डालकर फैसला सुनबाया गया जिसकी आड़ लेकर उनकी आज सदस्यता खत्म की गई है। पर सरकार को यह मालूम होनी चाहिए कि राहुल जनता के दिल में बस्ता है और वो किसी सदन की सदस्यता का मोहताज नहीं है. इस पूरी सडयंत्र के बाबजूद सरकार की चोरी और सीनाजोड़ी के खिलाफ राहुल गांधी और उनके साथ साथ हम जैसा कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता सदन से सड़क तक संघर्ष करता रहेगा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ और राहुल गांधी के समर्थन में जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।पुतला दहन कार्यक्रम में जिला महासचिव सावर कुमार,बिहार प्रदेश कॉंग्रेस सदस्य कुमार रत्नेश टूल्लु, केदार केसरी, रामबिलास चौरसिया, ब्रजमोहन पोद्दार, परमानन्द राय, सुनील वर्मा, शंकर सिंह,हितों सदा, कमल साहू, मोहम्मद सुलेमान, अरुण चौहान, टुनटुन यादव, खुर्शीद आलम, शौकत अंसारी, आदि मौजूद थे।

# सिवान जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल ने दिया सांत्वना

पटना।कांग्रेस दर्पण



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह के निर्देश पर सिवान जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष डॉक्टर विधु शेखर पांडे के नेतृत्व में सिवान मुफस्सिल थाना के फतुलही गांव में अलाउद्दीन अंसारी की विधवा श्रीमती शुबुक तारा एवं उनकी दो पुत्रियों खुशबू खातून और हिना खातून से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया और जिला कांग्रेस कमेटी सिवान की ओर से ?50,000 की सहायता राशि पीड़ित परिवार को दिया ।ज्ञात हो की अलाउद्दीन अंसारी एक भूमिहीन गांव में मेहनत मजदूरी कर एवं बटाई खेत जोत कर अपने परिवार का भरण पोषण करने के साथ अपने दो बच्चियों को 12वीं और स्नातक की पढ़ाई करा रहे थे ।गांव के एक दबंग परिवार ने अपने बटाईदार अलाउद्दीन के परिवार पर 2 किलो सरसों के चोरी का झूठा आरोप लगा परेशान करने लगे ।जिसके कारण पीड़ित परिवार में 16 तारीख की सुबह पंचायती बुलाई थी ।अभी दो पंच ही आए थे कि दबंग परिवार के सदस्यों ने अलाउद्दीन के घर पर आकर उसे लाठी–डंडों से मारने लगे ।अलाउद्दीन की पत्नी और छोटी बेटी बचाने गई तो उसको भी उन लोगों ने बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। उन लोगों की मार से अलाउद्दीन अंसारी की मृत्यु उनके दरवाजे पर ही हो गई। गांव के किसी भी व्यक्ति ने बीच–बचाव नहीं किया और मानवता को शर्मसार करने वाली यह घटना हो गई। अलाउद्दीन अंसारी एकमात्र परिवार के कमाऊसदस्य थे ।उनकी मृत्यु से परिवार अनाथ हो गया है। ज्ञात हो कि विगत प20 मार्च को कांग्रेस पार्टी के द्वारा पीड़ित परिवार को ?25000 की सहायता राशि दी गई थी। बिहार सरकार के मुख्यमंत्री ,जिलाधिकारी एवं बिहार विधानसभा के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सभापति कदवा के कांग्रेसी विधायक डॉ शकील अहमद खान को पत्र भेजकर पीड़ित परिवार की सुरक्षा के साथ दोषियों को स्पीडी ट्रायल कर सख्त से सख्त सजा देने की मांग करते हुए पुत्री खुशबू खातून को शिक्षक नियोजन में नियोजित करने की मांग की गई है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ विधु शेखर पांडे के साथ पूर्व जिला अध्यक्ष श्री शिवधारी दुबे ,अल्पसंख्यक सेल के जिला अध्यक्ष एसएम फजले हक ,प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि डॉक्टर के एहतेशाम,सुशील कुमार , शशि गुप्ता ईद मोहम्मद आदि लोग प्रतिनिधिमंडल में थे।

# लोकतंत्र में तानाशाही की शुरुआत विपक्ष दमन से ही शुरु होता है : अमित

पटना।कांग्रेस दर्पण



राजनीति हो या व्यापार दोनो ही जगह एकाधिकार कायम करने की होड़ लगी हुई है, और दोनो ही क्षेत्र में एकाधिकार का खामियाजा जानता को ही भुगतना पड़ता है। इतिहास में उदाहरण की कमी नहीं है ।इसलिए जानता को समय से पहले सचेत होना होगा, जो तानासाही के खिलाफ आवाज उठा रहा है उसे मजबूती प्रदान करना होगा। सता परिवर्तन ही विकल्प है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गई है। आज की केंद सरकार व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से चल रही है। आज एक विपक्ष ही बचा है जो जन आवाज को उठा सकता है, लेकीन संसद को विपक्ष विहीन बनाने की साजिश चल रही है। जानता के पास अपने भविष्य को बेहतर बनाने और लोकतंत्र की गरीमा को बचाने के लिए सता परिवर्तन के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। **-अमित कुमार, बिहार प्रदेश कांग्रेस**

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का एतेहासिक फ़ैसला 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी पर लगी मुहर, फैसले पर किसान कांग्रेस ने जताया आभार

रायपुर – प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज एक बड़ा फैसला लेते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसान अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इस फैसले पर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है, व किसानों को बधाई दी है। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामविलास साहू जी एवं प्रभारी महासचिव अकील हुसैन ने कहा की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सहित किसान हितैषी योजनाओं से प्रदेश में खेती–किसानी में नये उत्साह का संचार हुआ है। खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है। अब किसानों के हित में माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने आज एक और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए निर्धारित लिमिट को बढ़ाकर समितियों के जरिए अब 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी करने का फ़ैसला लिया है..इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी एवं संपूर्ण मंत्रिमंडल का आभार व सभी किसानों को बधाई।



# हाजीपुर गांधी चौक पर पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**



आज वैशाली युवा कांग्रेस के द्वारा हाजीपुर गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया ,लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक चंदन कुमार राय ने कहा कि देश में आज अघोषित आपातकाल हर तरफ दिखाई दे रहा हर इंस्टिट्यूशन को कमजोर किया जा रहा है एवं विपक्ष के नेताओं को आवाज दबाने के लिए भाजपा के इशारे पर राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त की गई जिसमें बहुत सारी खामिया हैं हम सभी माननीय न्यायालय का सम्मान करते हैं हम् न्यायालय पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं, लेकिन आप सभी देखेंगे कि माननीय न्यायालय के द्वारा राहुल गांधी जी के मानहानि के केस में 30 दिनों का समय दिया गया था ताकि वह उच्च न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज करा सकें लेकिन भाजपा सरकार एवं नरेंद्र मोदी जी अपने अडानी मित्रों को बचाने एवं जेपीसी मांग से ध्यान भटकाने को लेकर राहुल गांधी के उपर की गई कार्रवाई एवं राहुल गांधी की आवाज को दबाने का प्रयास है राहुल गांधी जी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि भाजपा जितने भी सर यंत्र कर ले राहुल गांधी देश की आवाज को भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार को उठाते रहेंगे चाहे उनको जेल में ही डाल क्यों न दे हम सभी लोग जनता की आवाज उठाते रहेंगे, आप सभी देखेंगे कि देश में पहली बार सरकार के द्वारा सुनियोजित तरीके से संसद को चलने नहीं दिया जा रहा है राहुल गांधी जब बोलना चाह रहे हैं तो उनके आवाज को बंद किया जा रहा कि वह लोक् सभा अध्यक्ष से बोलने को समय मांगते है, पर अध्यक्ष समय नही देते है, कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणधीर कुमार ने इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार अनीश रंजन मुकेश रंजन विपिन सिंह मोहम्मद नसीम पंकज कुमार साकिंदर राय मुकेश निराला राय प्रत्यय अमृत अखिलेश कुमार सद्दाम हुसैन कुंदन मिश्रा

# समस्तीपुर युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया

**पटना । कांग्रेस दर्पण**



आज दिनांक 24/03/2023 को सत्य की आवाज श्री राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता खत्म किए जाने के खिलाफ समस्तीपुर युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के साथियों ने भाग लिया। जुलूस मथुरापुर स्थित युवा कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर एसडीओ कार्यालय पहुंचा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर एक प्रतिरोध सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री रितेश कुमार चौधरी ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की आवाज को मोदी सरकार Mute करने की लाख कोशिश कर ले हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता दुर्भावना से ग्रसित होकर छीनी गई है और हम इसकी पुरजोर निंदा करते हैं। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा समस्तीपुर युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजन कुमारठाकुर, अखलाकुर रहमान सिद्दीकी, समस्तीपुर जिला कांग्रेस के महासचिव मुकेश कुमार चौधरी,एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अभिनव अंशु, उपाध्यक्ष राजन कुमार वर्मा, प्रकाश चंद्र चौधरी, अभिषेक कुमार, चंदन कुमार, दिलीप पासवान, अशोक चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष डोमन राय, रोसड़ा विधानसभा अध्यक्ष सूरज कुमार,अजीत कुमार,मनीष कुमार, दिलदार हुसैन, मो० आज़ाद, सुशील राय, कन्हैया कुमार, विजेता आनंद, मनीष कुमार, रोहित, रवि कुमार, अंकित कुमार, सूरज कुमार आदि लोग मौजूद थें।



# सुर्खियों में श्री राहुल गांधी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

कानून की आड़ में जो कुछ हुआ लेकिन इस दंड के लिए यह इंसान नही जन्मा था लेकिन वक्त किसी का नहीं होता है ।

जिसके छड़नाना अपनी करोड़ों की कमाई सवा सौ साल पहले राष्ट्रभक्ति में त्याग दिए । जिनके परनाना राष्ट्र को एक नया दिशा दिए । जिनकी दादी पद पर रहते हुए शहीद हुई । जिनके पिता को मार दिया गया ।

प्त सन 2004 लोकसभा के अंदर कांग्रेस के सभी सांसद बैठ कर नए प्रधानमंत्री के चुनाव को थे , वह पूरा लाइव मैने टीवी पर देखा था । कौन ऐसा सांसद नही था जिसने आपकी मां श्रीमती सोनिया गांधी के सामने प्रधानमंत्री बनने को गुजारिश नही किया ।

प्त आप कांग्रेस के महासचिव थे और उस परिवार से थे जो किसी भी मंत्रालय के मंत्री बन सकते थे या माहौल ऐसा था की आप प्रधानमंत्री भी बन सकते थे । कहीं से चूं तक की आवाज नही आती । और यहीं एक गलती हुई जिसका फल आज आप भोग रहे हैं ।

प्त वरना उसी विजई चुनाव के बाद पटना विमेंस कॉलेज में शोर था : विल यू मैरी मी , राहुल गांधी ? पत्रकारों को याद होगा ।

: खैर , यही राजनीति है । सत्ता का खेल है । सत्ता की लड़ाई बड़ी क्रूर होती है ।

प्त लेकिन पिछले 20 सालों में देश में एक नई फौज आई है और आपके या आपकी पार्टी के कमज़ोर होने की स्थिति में देश पुनः देसाई , चरण सिंह , वी पी सिंह , चंद्रशेखर, देवेगौड़ा , गुजराल इत्यादि को लाल किला के प्राचीर से भाषण देने का मौका नही देना चाहेगा । यह मंजूर नहीं है की कोई कट्टर जातिवाद की सीढ़ी से राष्ट्र के खजाने पर अपनी नजर गड़ाए । असंभव ।

: आप लडिये । सन 2013 में अध्यादेश फाड़ना उचित था तो यह फैसला भी उचित है ।

गिरते है मैदान ए जंग में जो शहसवार होते हैं
वो तिफले क्या खाक गिरेंगे जो धर्म और जाति की राजनीति करते हैं

प्त राष्ट्र आपके पुनः स्थापित होने की प्रतीक्षा में है । और आपके कंधे पर किसी अन्य लोमड़ी को राष्ट्र स्वीकार नहीं करेगा ।

जय हिंद ।